दिन– गुरूवार | दिनांक– 13 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में केवल उन्नीस प्रतिशत कामकाज हुआ।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा में चयनित दो हजार सत्ताईस अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का किया वितरण।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा– टीआरई–फोर में उन अभ्यर्थियों को भी शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो इस वर्ष आयोजित होने वाली एसटीईटी के लिए आवेदन करेंगे।

04. और, राज्य सरकार ने भोजपुर में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। पिछले महीने की बीस तारीख से शुरू हुआ मॉनसून सत्र आज संपन्न हो गया। इस दौरान पच्चीस दिन में उन्नीस बैठकें हुईं। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच केवल उन्नीस प्रतिशत कामकाज हुआ। ब्योरा हमारे संवाददाता से...

––साउंड बाइट––

मॉनसून सत्र के दौरान विधायी और राष्ट्रीय महत्व के कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक 2026, न्यायाधिकरण सुधार विधेयक 2026, कराधान और अन्य विधियां संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम संशोधन विधेयक और केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक 2026 शामिल हैं। संसद ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 पर विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। इस विधेयक का उद्देश्य विदेशी अंशदान को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हालांकि सत्र के दौरान नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ कथित पुलिस कार्यवाही और अयोध्या राम मंदिर के चंदे में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर बार–बार हंगामा हुआ। सरकार की ओर से छात्रों के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार होने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद विपक्ष का विरोध जारी रहा, जिसके कारण सदन की कार्यवाही बार–बार बाधित हुई। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने समापन वक्तव्य में सदन की कार्यवाही में बार–बार आई बाधा पर चिंता व्यक्त की। हालांकि उन्होंने कहा कि सदन ने बारह विधेयकों को पारित और वापस करके अपने मूल विधायी दायित्वों को पूरा किया।

श्री राधाकृष्णन ने बताया कि राज्यसभा की कार्यवाही केवल सैंतीस घंटे उनचास मिनट चली, जिससे सदन में उनतालीस दशमलव एक–सात प्रतिशत ही कामकाज हुआ।

———————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर सदन में चर्चा नहीं होने देने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि संसद बहस, चर्चा और विधायी कार्य के लिए है, लेकिन मॉनसून सत्र में लगातार नारेबाजी और विरोध प्रदर्शनों ने सदन के कामकाज को प्रभावित किया।

––साउंड बाइट––

अपोजिशन डिस्कशन से भाग रहे थे। पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी में अपोजिशन डिस्कशन के लिए डिमांड करते हैं और सरकार उसका जवाब देते हैं। यह तरीका होता है, क्योंकि लोगों ने हमको चुना देश सेवा के लिए। तो पहली बार यह दृश्य देखने को मिला कि सरकार खुद कह रहे हैं कि हम डिस्कशन चाहते हैं और अपोजिशन बहाना बना करके डिस्कशन से भाग रहे हैं। तो यह लोकतंत्र के लिए, विशेष करके संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में विशेष अलंकरण समारोह में वर्ष दो हजार चौबीस और दो हजार पच्चीस के लिए बिहार के पांच समेत सौ से अधिक कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप और पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार कला, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक और जनजातीय कला, कठपुतली कला, पारंपरिक रंगमंच और अन्य संबंधित कलाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि पुरस्कार विजेता आधुनिक भारत की प्रतिभा और निष्ठा के प्रतीक हैं।

––साउंड बाइट––

कला से जुड़े प्राचीन विद्वानों ने भारतीय नाट्य की बड़ी व्यापक परिभाषा की है। उनके अनुसार, नाट्य जीवन का ही पर्याय है। जीवन के ऐसा कुछ भी नहीं है जैसा नाट्य अपने भीतर ग्रहण न कर सके और फिर व्यक्त न कर पाए। उनकी परिधि में आध्यात्मिक ज्ञान से लेकर शास्त्र विद्या तक, हस्तकौशल से लेकर संगीत और नृत्य तक तथा मनुष्यों के विभिन्न कर्म और व्यवहार समाहित हैं।

———————————————————————

बिहार के पांच कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी के विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अभिनेता सुरेश कुमार हज्जू, नाट्य निदेशक शिव नारायण झा और लोक कलाकार महेन्द्र राम को राष्ट्रीय कला पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, युवा रंगकर्मी रोहित चन्द्रा और लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान किये गए।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा में चयनित दो हजार सत्ताईस अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने के लिए कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से काम करने की सलाह दी।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के चौथे चरण, टीआरई—फोर में उन अभ्यर्थियों को भी शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो इस वर्ष आयोजित होने वाली माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा—एसटीईटी के लिए आवेदन करेंगे। उन्होंने कहा कि टीआरई—फोर का विज्ञापन जारी होने से पहले एसटीईटी का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि टीआरई—फोर परीक्षा में बैठने के लिए एसटीईटी पास करना अनिवार्य होगा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

भोजपुर के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में राज्य सरकार ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यायिक जांच आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला किया गया है।

————————————————————————————————

सीवान में हुई पुलिस फायरिंग की घटना के विरोध में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के लोकभवन मार्च को जदयू ने राजनीतिक दिखावा बताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि राजद राजनीतिक लाभ के लिए इस मार्च का आयोजन कर रहा है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी ने कहा है कि प्रदेश में जिस किसी भी कंपनी की शराब पकड़ी जाएगी, उस कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत हो चुकी है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि समारोह में होने वाले झंडोत्तोलन और परेड का आज फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इधर, हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

––म्यूजिक––

प्रदेश में स्कूलों, सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से तिरंगा यात्रा, प्रभातफेरी, साइकिल रैली और सामूहिक वंदे मातरम् गायन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सोनपुर रेलमंडल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें रेल कर्मियों के साथ–साथ आम लोग भी शामिल हुए। पटना और मुंगेर में डाक विभाग के कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। पटना में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र की ओर से भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसके अलावा, सुपौल, सीतामढ़ी, अरवल, भोजपुर, बेगूसराय, शेखपुरा, पूर्णिया और अररिया जिले में भी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

––म्यूजिक––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर प्रदेश के विभिन्न डाकघरों में तिरंगे की बिक्री की जा रही है। लोग पच्चीस रुपये की दर से अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा खरीद सकते हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने औरंगाबाद के बारूण स्थित राजकीयकृत केशव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सह–समन्वयक शशि भूषण को दस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शिक्षक एनआईओएस के अंक पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्र देने के एवज में रिश्वत ले रहा था।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने से लोगों को एक बार फिर उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वाल्मीकिनगर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, मधुबनी के झंझारपुर में सबसे अधिक इकतालीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तर–पश्चिमी, दक्षिण–पश्चिमी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर आंधी के साथ वज्रपात की आशंका है।

––साउंड बाइट––

————————————————————————

हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी नया टोला में अपराधियों ने एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार अपराधियों ने लगभग दस राउंड फायरिंग की। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र के काशीचक मोड़ के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक एंबुलेंस से दस कार्टन शराब बरामद की। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से कई मोबाईफोन समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के जीटी बाईपास ओवर ब्रिज के पास यात्री बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में बीस यात्री घायल हो गए। इनमें से पांच की स्थिति गंभीर बताई जाती है।

————————————————————————

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में सुपौल जिले ने जुलाई महीने की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।

————————————————————————

अररिया और सीतामढ़ी में आज पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर मेले का आयोजन किया गया। मेले में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सोलर पैनल लगवाने की अपील की गयी।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में केवल उन्नीस प्रतिशत कामकाज हुआ।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा में चयनित दो हजार सत्ताईस अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का किया वितरण।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा– टीआरई–फोर में उन अभ्यर्थियों को भी शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो इस वर्ष आयोजित होने वाली एसटीईटी के लिए आवेदन करेंगे।

04. और, राज्य सरकार ने भोजपुर में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।